Headline: - Satish appointed Chairman; tenure to be 5 years

Print Coverage:

Date	Publication	Edition
27 October 2026	**Rajasthan Patrika**	All



सतीश बने चेयरपर्सन, 5 वर्ष का होगा कार्यकाल

जयपुर @ पत्रिका प्लस. आइआइएचएमआर यूनिवर्सिटी ने भारतीय विदेश सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी सतीश चंद्र मेहता को पांच वर्ष के कार्यकाल के लिए नया चेयरपर्सन नियुक्त किया है। यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट डॉ. पी.आर. सोडानी ने कहा कि मेहता के राजनयिक अनुभव और अंतरराष्ट्रीय संस्थानों से जुड़ाव से यूनिवर्सिटी को शिक्षा, रिसर्च, इनोवेशन और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के क्षेत्र में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। हेल्थकेयर मैनेजमेंट, पब्लिक हेल्थ और डवलपमेंट के क्षेत्र में योगदान बढ़ाने पर भी जोर रहेगा।